उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

राया पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार।



राया कट बंबा के पास से पकड़ा गया आरोपी, हाथरस जिले का निवासी है अभियुक्त आदिल। संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया (मथुरा)। थाना राया पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदिल पुत्र फतेहपुरिया निवासी ऊंचागांव, थाना सादाबाद, जनपद हाथरस, उम्र करीब 20 वर्ष के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना राया पुलिस टीम ने राया कट बंबा के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी आदिल को शाम करीब 7:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई, जिसका चेसिस नंबर MBLHA11ACE9C02277 है।इस मामले में थाना राया पर मुकदमा अपराध संख्या 349/2026, धारा 303/317(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की है।इन पुलिसकर्मियों की रही भूमिकागिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह, उपनिरीक्षक शिवमन्त सिंह, उपनिरीक्षक इंतजार अली, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार तथा कांस्टेबल नितिन मलिक शामिल रहे।

एक नज़र में

राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।
रामलीला के तीसरे दिन लीला का शुभारंभ अरविंद शर्मा ने आरती कर किया।
ANTF और रिफाइनरी पुलिस को बड़ी सफलता, हाईवे पर सवा करोड़ का 250 किलो गांजा पकड़ा, तीन तस्कर गिरफ्तार।
बरौली में रामलीला के दूसरे दिन हुआ श्रीराम जन्म का मार्मिक मंचन।
आईपीएस नीरज जादौन जी पिता की हत्या के बाद 22 लाख की नौकरी छोड़ बने जांबाज पुलिस अफसर अलीगढ की शान कप्तान।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।



राया से अलीगढ़, हाथरस और मथुरा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी होंगे शामिल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू को सुनेंगे। संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया । राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अलीगढ़ जिले से कार्यकर्ताओं का जत्था गाजियाबाद पहुंचा इस कार्यक्रम में राया, हाथरस, मथुरा और अलीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि संगठन के छठवें स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, उद्देश्यों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है।

देश

रामलीला के तीसरे दिन लीला का शुभारंभ अरविंद शर्मा ने आरती कर किया।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी श्री रामनाटक कमेटी द्वारा आयोजित हनुमान मढ़ी राया पर भव्य रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ गरिमामयी माहौल में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री ब्राह्मण सभा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक पं.अरविंद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा श्रीराम चंद्र जी के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर और भव्य महाआरती उतारकर की गई। आरती के उपरांत मुख्य अतिथि अरविंद शर्मा का स्वागत समिति के पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अरविंद शर्मा ने कहा, "भगवान श्री राम का जीवन चरित्र हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

देश

ANTF और रिफाइनरी पुलिस को बड़ी सफलता, हाईवे पर सवा करोड़ का 250 किलो गांजा पकड़ा, तीन तस्कर गिरफ्तार।



संवाददाता हरिपाल सिंह उड़ीसा के ब्रह्मपुर से कंटेनर में भरकर ला रहे थे गांजा, यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर शमशेर को देनी थी खेप। मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) आगरा यूनिट और थाना रिफाइनरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनएच-2 हाईवे पर बड़ी बरामदगी की है।पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना रिफाइनरी क्षेत्र में घेराबंदी कर एक कंटेनर *नंबर HR 73B 2186* को रोका। तलाशी के दौरान कंटेनर से *250 किलोग्राम अवैध गांजा* बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग *1 करोड़ 25 लाख रुपये* बताई जा रही है।

देश

बरौली में रामलीला के दूसरे दिन हुआ श्रीराम जन्म का मार्मिक मंचन।



संवाददाता हर्ष राठी बरौली। कस्बे में आयोजित श्री जानकी रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का भावपूर्ण एवं मार्मिक मंचन किया गया। रामलीला कमेटी के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मंचन के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग प्रस्तुत किया गया।लीला के अनुसार राजा दशरथ की रानी कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, जबकि रानी कैकेयी के यहां भरत और रानी सुमित्रा के यहां लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न का जन्म हुआ।

देश

आईपीएस नीरज जादौन जी पिता की हत्या के बाद 22 लाख की नौकरी छोड़ बने जांबाज पुलिस अफसर अलीगढ की शान कप्तान।



संवाददाता हर्ष राठी उत्तरप्रदेश जिला जालौन के नौरेजपुर गांव के मूल निवासी आईपीएस नीरज कुमार जादौन आज अलीगढ़ के एसएसपी हैं। उनकी कहानी संघर्ष और संकल्प का अद्भुत उदाहरण है।1 जनवरी 1983 को कानपुर में जन्मे नीरज कुमार जादौन ने मीट्रिक,10+2 हिन्दी मीडियम से पास करने उपरांत आईआईटी बीएचयू से बीटेक कर ब्रिटिश टेलीकॉम, बेंगलुरु में 22 लाख पैकेज की नौकरी की।लेकिन 6 दिसंबर 2008 को जमीन विवाद में पिता नरेंद्र सिंह जादौन की गोली मारकर हत्या कर दी गई।